भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3305

07 अगस्त, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

योग विज्ञान के प्रोफ़ेसरों की नियुक्ति

†3305. डॉ. राजेश मिश्रा

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में योग विज्ञान के प्रोफेसरों और सहायक प्रोफेसरों की नियुक्ति करने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) मध्य प्रदेश के उन संस्थानों का ब्यौरा और कुल संख्या कितनी है जिनमें योग के प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसर वर्तमान में तैनात हैं;

(घ) क्या भविष्य में योग प्रोफेसरों के लिए किसी भर्ती अभियान की योजना बनाई गई है; और

(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): वर्तमान में, आयुष मंत्रालय में सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में योग विज्ञान के प्रोफेसरों और सहायक प्रोफेसरों की तैनाती पर विचार करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ग): मध्य प्रदेश में विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में तैनात योग के प्रोफेसरों और सहायक प्रोफेसरों के संबंध में ऐसी संस्था-वार सूचना आयुष मंत्रालय द्वारा केन्द्रीय स्तर पर नहीं रखी जाती है।

(घ) और (ङ): जी नहीं, विश्वविद्यालयों/कॉलेजों में शिक्षण पदों पर भर्ती, इस संबंध में लागू नियमों और विनियमों के अनुसार संबंधित संस्थानों/सक्षम प्राधिकारियों द्वारा की जाती है।

*****